केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान

प्रो. सर सी.वी.रामन रोड़, सदाशिवनगर (डाक घर),

पो. बा. सं. 8066, बेंगलूरू - 560 080

सिविल इंजीनियरी प्रभाग

वेबसाइट : https://cpri.res.in

सीपीआरआई/सीईडी/कार्य/1548/2025-26 **27 फरवरी 2025**

निविदा आमंत्रण सूचना (एन आई क्यू)

कार्य का नाम : 2025-26 के लिए सीपीआरआई कार्यालय कैम्पस, सदाशिवनगर, बेंगलूरू की वार्षिक मरम्मत एवं अनुरक्षण। सीपीआरआई परिसर के प्रभागों में पड़े स्क्रैप को हटाने, परीक्षित नमूनों के अपशिष्ट और अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान के लिए ट्रैक्टर को नियुक्त करना और परिसर के स्क्रैप यार्ड में स्थानांतरित करना।

कोटेशन की अनुमानित लागत :रु. 1,80,000 /-
बयाना राशि जमा @ 2% - रु 3,600/-
प्रतिभूति जमा - कार्य के स्वीकृत उद्धृत मूल्य के 5 % के दर पर
कार्य की अनुमत अवधि - 6 माह

महानिदेशक, केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए इस दस्तावेज़ में नीचे निर्दिष्ट एजेंसियों/फर्मों से "सीपीआरआई परिसर के प्रभागों में पड़े स्क्रैप को हटाने, परीक्षित नमूनों के अपशिष्ट और अनुपयोगी वस्तुओं के निपटान के लिए ट्रैक्टर को नियुक्त करने और परिसर के स्क्रैप यार्ड में स्थानांतरित करने" के लिए मुहरबंद मद-दर दरसूची (मद-दर नीचे अनुसूची ए में उद्धृत करें) आमंत्रित हैं। निर्धारित खाली कोटेशन फार्मों को संयुक्त निदेशक, सिविल इंजीनियरी प्रभाग, केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, बेंगलूरु के कार्यालय से 31 मार्च 2024 को समाप्त गत वर्षों के दौरान कम से कम 25 दिनों की अवधि के लिए किसी भी सरकारी विभाग को किराए पर ट्रैक्टर उपलब्ध कराने के आवश्यक दस्तावेजी सबूत की प्रस्तुति पर प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन देने पर **05.03.2025,** के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक कार्यालयीन समय के दौरान सभी कार्य दिवसों पर अर्ह ठेकेदारों को खाली कोटेशन फार्म जारी किए जाएँगे। संगत दस्तावेज सहित पूर्ण रूप से भरे कोटेशन **06.03.2025**. के 3.00 बजे अपराह्न तक अथवा उससे पहले अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पहुंचे। कोटेशन देनेवालों की उपस्थिति में कोटेशन अनावरण समिति द्वारा उसी दिन 3.30 बजे अपराह्न को कोटेशन खोले जाएँगे। बिना कोई कारण दिए सक्षम प्राधिकारी किसी भी अथवा सभी कोटेशनों को स्वीकारने अथवा अस्वीकारने का अधिकार रखते हैं। सभी कोटेशन जिनमें निर्धारित शर्तों में से कोई पूर्ण नहीं हों अथवा किसी तरह से अपूर्ण हों, अस्वीकृत हो सकते हैं।

संयुक्त निदेशक